**12.03 hrs.**

**Title: Statement regarding Government Business for the week commencing from 6th May, 2002 and submissions made by the members.**

**THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF COMMUNICATIONS AND INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI PRAMOD MAHAJAN): With your permission, Sir, I rise to announce that the Government Business during the week commencing Monday, the 6th May, 2002 will consist of:-**

1. **Consideration of any item of Government Business carried over from today's Order Paper.**
2. **Consideration and passing of the following Bills:-**

   i. **The Multi-State Co-operative Societies Bill, 2000**
   ii. **The Delimitation Bill, 2002**
   iii. **The Aircraft (Exemption from taxes and Duties on Fuel and Lubricants) Bill, 2000**
   iv. **The Vice-President's Pension (Amendment) Bill, 2002**
   v. **The Sugar Development Fund (Amendment) Bil, 2002**
   vi. **The Election Laws (Amendment) Bill, 1999**
   vii. **The Banking Service Commission (Repeal) Bill, 2002**
   viii. **The Salaries and Allowances of Officers of Parliament and Leaders of Opposition in Parliament (Amendment) Bill, 2002.**

**श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) :** माननीय उपाध्यक्ष महोदय, अगले सप्ताह की कार्य-सूची में निम्नलिखित वियों को सम्मिलित किया जाए :-

1. सागर मध्य प्रदेश के बीना में भारत ओमान सरकार के सहयोग से प्रस्तावित भारत ओमान रिफाइनरी का कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जाए।
2. सागर एवं विदिशा जिले के किसानों के लाभ की दृटि से सिंचाई हेतु बनाई गई बीना नदी परियोजना को जल संसाधन विभाग द्वारा शीघ्र आरम्भ कराया जाए।

**डॉ. संजय पासवान (नवादा) :** उपाध्यक्ष महोदय, अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित वियों को शामिल किया जाए : -

1. वित्त मंत्रालय द्वारा गठित शर्मा समिति द्वारा चिन्हित देश के सर्वाधिक 100 पिछड़े जिलों के चहुंमुखी विकास हेतु कालबद्ध कार्य योजना तैयार करने के संबंध में।
2. वित्त मंत्री द्वारा इस बजट में घोाित " जयप्रकाश रोजगार योजना" बिहार के सभी जिलों में लागू करने के संबंध में एवं मंत्रालय द्वारा तैयार किया गया नया Distressed District की सूची में बिहार, उड़ीसा, उत्तर बंगाल एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों को शामिल करने के संबंध में।

**योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) :** उपाध्यक्ष महोदय, निम्नलिखित वियों को आगामी सप्ताह की कार्य सूची में सम्मिलित किया जाये :-

1. भारतीय उवर्रक निगम लि. गोरखपुर स्थित इकाई के बंद होने के फलस्वरूप वहां कार्यरत कर्मियों को वी.आर.एस. प्रदान करने तथा जिनकी सेवा 40 र्वा से अधिक है उन्हें अन्यत्र समायोजित करने की व्यवस्था की जाये और बंद इकाई की जगह कृभको द्वारा नया संयंत्र लगवाने की अनुमति प्रदान की जाये।
2. पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं बिहार की बहुत बड़ी आबादी प्रतिर्वा बाढ़ की विभीिका के चपेट में आती है, परन्तु अभी तक बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा को नियंत्रित करने के लिये कोई प्रभावी कदम नहीं उठाये गये हैं। बरसात से पूर्व ही बाढ़ की त्रासदी से बचाने के लिये आवश्यक है, जो मिट्टी के बन्धे बनाये गये हैं, उनकी मरम्मत की जाये एवं मरम्मत के लिये आवश्यक धनराशि आबंटित की जाये।

**श्री राम टहल चौधरी (रांची) :**उपाध्यक्ष महोदय, निम्नलिखित वियों को आगामी सप्ताह की कार्य सूची में सम्मिलित किया जाये :-

1 मेरे निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत एच.ई.सी. धुर्वा रांची भारत सरकार का प्रतिठान है। इस प्रतिठान की हालत दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है। कारण कि भारत सरकार का अन्य प्रतिठानों से कार्यादेश नहीं मिलता है। कार्यादेश निजी क्षेत्रों को दिया जाता है और अब इसे निजी क्षेत्र को देने का कार्य किया जा रहा है जो उचित नहीं है। अत: . एच. ई.सी. को बचाने के लिये रक्षा मंत्रालय कोयला एवं रेल विभाग से कार्यादेश

दिलाया जाये।

2 रांची गुमला सड़क जो राट्रीय उच्च पथ है और यह सड़क मध्य प्रदेश मुम्बई को जोड़ती है- इसकी हालत जर्जर है। अत: इस सड़क का निर्माण (मलती) आवंटन देकर अविलम्ब कराने की कृपा की जाये।

SHRI A.P. ABDULLAKUTTY (CANNANORE): Sir, the following items may be included in the next week's agenda:-

1. Land encroachment at `Mathikettan Mala' in Kerala has been noticed. This land belongs to reserved forest department. The Central Government should take corrective measures.
2. Hundreds of tribes (Advasis) are put in prison in Kerala at Kannur and Kozhikode. They include children, women and old men. They have not been provided with minimum required facilities, such as food, water, medicine, etc. It should be taken very seriously.

**प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) :** उपाध्यक्ष महोदय, निम्नलिखित वियों को आगामी सप्ताह की कार्य सूची में सम्मिलित किया जाये :-

राजस्थान की इन्दिरा गांधी नहर परियोजना में गर्मी के इस मौसम में उत्तर पश्चिम राजस्थान के किसानों की फसलों को बचाने के लिये सिंचाई हेतु तथा पेयजल संकट के निवारणार्थ पंजाब स्थित भाखड़ा एवं ब्यास बोर्ड से अधिक पानी छोड़े जाने की आवश्यकता।

जयपुर, अजमेर तथा राजस्थान के अन्य शहरों में अवैध रूप से बसने वाले बांग्लादेशियों की अविलम्ब जांच कर तथा उनके द्वारा किये गये सरकारी भूमि के अतिक्रमणों को तुरंत हटाकर उन्हें अविलम्ब बांग्लादेश वापस भेजे जाने की आवश्यकता।

**श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर)** : उपाध्यक्ष महोदय, निम्नलिखित वियों को आगामी सप्ताह की कार्य सूची में सम्मिलित किया जाये :-

जयपुर जिले में पेयजल की गम्भीर समस्या को हल करने के लिये केन्द्र सरकार आर्थिक सहयोग प्रदान करे।

राजस्थान विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय के समान मान्यता देकर आर्थिक सहयोग दे।